बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

**निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध**
**प्रधान कार्यालय - लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 05**
**टेलि - 020 25614495, 256143 66, 25514501 से 12 विस्तार. 495**

# प्रेस विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**पुणे, 06 फरवरी, 2021:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रधान कार्यालय में आयोजित एक समारोह में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए. एस. राजीव ने जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की तीन प्रतिभावान खिलाड़ियों और उनके कोच को सम्मानित किया। तीनों खिलाड़ी यथा सुश्री वैष्णवी फाल्के, सुश्री रुतुइया पिसाळ और सुश्री अक्षता ढेकाळे फल्टन, सातारा जिले से हैं। इस समारोह में बैंक के महाप्रबंधक श्री वी. पी. श्रीवास्तव, श्री प्रशांत आर. खटावकर, श्री उन्नम आर. राव, श्री संजय रुद्र, श्री आर. एस. बंसल और श्री अरुण कबाड़े के साथ ही कोच श्री अजीत लकड़ा और श्री मनोज भोरे, सचिव, हॉकी महाराष्ट्र भी उपस्थित थे।

समारोह के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए.एस.राजीव ने कहा कि "इतनी कम उम्र में राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करनेवाली इन युवा बालिकाओं की उपलब्धि पर हमें वास्तव में हर्ष और गर्व का अनुभव होता है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र उभरते हुए खिलाड़ियों और उनकी खेल-यात्रा को सहयोग करना जारी रखेगा। इस तरह की साधारण पृष्ठभूमि वाले खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए और अधिक प्रतिभाओं को प्रेरित करेंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र खेलों में युवा प्रतिभाओं का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इन बालिकाओं ने जनवरी 2021 में सैंटियागो, चिली में जूनियर भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया, जहां टीम ने 6 मैचों में से 5 मैचों में जीत हासिल की और 1 मैच ड्रा रहा। यह पहली बार हुआ है जब महाराष्ट्र राज्य की बालिकाओं ने यह उपलब्धि हासिल की है। राज्य का अग्रणी बैंक होने के नाते, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने उन्हें प्रेरित करने का निर्णय लिया है। युवा खिलाड़ियों ने अपने खेल अनुभवों को भी साझा किया और बताया कि कैसे वे अपने खेल और शिक्षा के बीच संतुलन बनाए हुए हैं। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शीर्ष प्रबंधन ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।